नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक............................ दिनांक : 01-08-2019

# प्रकाशनार्थ

गृह विज्ञान विभाग एवं रा.से.यो. के दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में **'विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह'** के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए बी. आर.डी. मेडिकल कालेज, गोरखपुर के असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजकिशोर सिंह ने कहा कि स्तनपान ईश्वरीय देन है जन्म के समय शिशु को स्तनपान कराने से माता और शिशु दोनो स्वस्थ दीर्घायु होते हैं। जन्म के पहले तीन दिन का पीला–गाढ़ा दूध शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करता है तथा इससे प्राप्त होने वाला एण्टीबाडी शिशु को भविष्य में होने वाले अनेक संक्रामक बिमारियों जैसे डायरिया, न्यूमोनिया आदि से सुरक्षित रखता है। डॉ. सिंह ने बताया कि विभिन्न शोधों में यह सिद्ध हुआ है कि स्तनपान पर पले बच्चों का मानसिंक विकास बेहतर होता है। माँ के दूध में उपलब्ध अनेक पोषक तत्व शिशु के लिए वरदान सिद्ध होते है। गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी किरन सिंह ने बताया कि सप्तदिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन उपरोक्त विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री पल्लवी नायक तथा आभार श्रीमती किरन सिंह ने किया। इस अवसर पर रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार सिंह, डॉ. राजेश शुक्ला, श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, श्रीमती विभा सिंह, सुश्री श्वेता चौबे, श्रीमती नूपुर शर्मा सहित गृह विज्ञान विभाग के शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

(श्री वागीश राज पाण्डेय)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी